हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–97 : जौनपुर, बुधवार 01 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पाँच सौ वर्षो से चला आ रहा हिंदू वर्ग के संकल्प को मुख्यमंत्री योगी ने राम मंदिर गर्भगृह की आधार शिला रखकर किया पूरा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पाँच सौ वर्षो से हिन्दू वर्ग के लोगों में चला रहा संकल्प को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि स्थान पर पूज्य संतों की उपस्थिति में श्रीराममंदिर के गर्भगृह की आधारशिला रखकर पूरा किया।इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास,ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज, ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और विहिप के संरक्षक दिनेश उपस्थित रहे, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक पुस्तिका का भी विमोचन किया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा सौभाग्य कि मैं इस कार्यक्रम में रहा आज 500 साल की तपस्या पूरी हुई है राम मंदिर भारत की एकात्मता का प्रतीक बनेगा, भारत का राष्ट्र मंदिर बनेगा उन्होंने कहा कि वर्षों से भारत की आस्था जिस पवित्र कार्य के लिए तरस रही थी वह मर्यादा राम का भव्य मंदिर बनकर समस्त सनातन धर्मावलिम्बयों की आस्था का केन्द्र बनेगा जिन आक्रान्ताओं ने अपने नापाक इरादों से हमारी आस्था पर प्रहार किया था अंततः भारत की विजय हुई, सत्यमेव जयते के नारे ने धर्मा रक्षित रक्षितः यतोः धर्मस्य ततो जयः ने एक बार फिर से अपनी सार्थकता को सिद्ध किया है, योगी ने कहा कि मोदी के मार्गदर्शन में उनके कर कमलों से जिस कार्य का शुभारम्भ हुआ था ।अयोध्या में 500 वर्षों की



जो हिन्दू जनमानस का संकल्प था वह बहुत शीघ्र पूरा होगा, पूज्य अशोक सिंहल, महंत रामचन्द्र दास परमहंस की पुण्यात्मों को भी आनन्द की अनुभूति हो रही होगी, गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियां इस काम में लगीं आज का दिवस हम सबको एक नई प्रेरणा देता है हम सदैव सत्य व धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे तो हमें विजय से कोई रोक नहीं सकता, अयोध्या को हमें विश्व की सबसे सुन्दरतम नगरी बनाना होगा अब आन्दोलन के बाद अब हमें निर्माण कार्य से जुड़ना होगा और अयोध्या भव्य और दिव्य हो इसके लिए काम होगा। इस अवसर पर देशभर के 250 से अधिक साधु–संत मौजूद रहे।

## बयालसी महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षित अध्यापक श्री प्रकाश चंद्र कसेरा, असि० प्रोफे० ने सड़क सुरक्षा की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ) आनंद शंकर चौधरी ने सड़क दुर्घटना के बाद उपचार न मिलने के गंभीर मुद्दे को उठाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री रमेश चंद्र, एस.आई, थाना जलालपुर ने खासतौर से युवाओं द्वारा बिना किसी सिग्नल के सड़कों पर दाएं और बाएं मुड़ने पर होने वाले दुर्घटनाओं के प्रति सभी को सचेत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव महोदय ने सड़क पर चलते समय ध्यान केंद्रण पर अपना मंतव्य प्रस्तुत किया। अंत में कार्यक्रम के संचालक



श्री सोमारू राम, असि० प्रोफे० ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया। कार्यक्रम में अन्य अध्यापकगण डॉ प्रवीण, श्री लाल साहब, श्री जितेंद्र कुमार, श्री लक्ष्मी शंकर प्रजापति, एवं एनएसएस तथा एनसीसी से जुड़े विद्यार्थी एवं अन्य विद्यार्थीगण आदि मौजूद थें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 45 वर्षीय पैरालिसिस पीड़ित को व्हीलचेयर प्रदान की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन हमेशा ही समाज में गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन,राशन और रोजगार का सामान मुहैया कराता रहा है । इसी क्रम में आज समाजसेविका माला द्वारा पता चला कि पुरनिया स्थित झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले माता प्रसाद बदला हुआ नाम जिसको पैरालिसिस अटैक पड़ गया था 4 वर्षों से इन्हें व्हीलचेयर की जरूरत है। जब इसका पता माँ गायत्री जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा को पता चला तो उन्होंने तत्काल व्हीलचेयर माता प्रसाद को उनके घर जॉकर व्हीलचेयर प्रदान कर उनके जीवन को थोड़ा सा आसान बनाने में सहयोग किया । गुंजन वर्मा का कहना है वह लोगों की मदद के साथ–साथ स्वरोजगार भी प्रदान कर रही है ताकि लोग अपना जीवन सुचारु रुप से चलाएं । इस श्रेणी में उन्होंने कई महिलाओं को सिलाई मशीन और रोजगार प्रदान किए हैं जिससे उनसे उनका जीवन सरल बन सके। मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह भाजपा महानगर एनजीओ प्रकोष्ठ में संयोजक पद पर कार्यरत हैं और आए दिन लखनऊ में जरूरतमंदों की मदद करते रहते हैं अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि अगर किसी को किसी भी प्रकार की सहायता की



आवश्यकता है तो वह सदैव उसकी सहायता हेतु तत्पर है। प्रशाशनिक मदद के साथ वो महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा पर भी कार्य करते हैं। इस तरह से आगे और भी जरूरतमंद को बैशाखी,छड़ी व व्हीलचेयर की मदद की जाएगी जो चिन्हित किये गए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व दिव्यांग प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र के संयोजक भाजपा मुकेश मिश्रा,समाजसेवी मनोज सिंह,समाजसेविका माला निगम,सीमा राय,रुद्र प्रताप बाजपेयी उपस्थित रहे।

## एसपी ट्रैफिक ने पत्नी संग खाई फाइलेरिया की दवा : जिले में 50 लाख के सापेक्ष 40 लाख लोग खा चुके दवा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह ने पत्नी मीनाक्षी सिंह संग खाई फाईलेरिया से बचाव की दवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा के निर्देश पर पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उनके परिवार जन फाइलेरिया की दवा खा रहे हैं दवा खाने से पूर्ण रूप से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अभी पिछले शुक्रवार को जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने भी फाइलेरिया की दवा खाई थी जो पूर्ण रूप से स्वस्थ है। पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह ने अन्य लोगों से अपील की है कि वह सुरक्षित और असरदार फाइलेरिया की दवा का सेवन अवश्य करें । जिले में 12 मई से अब मई चले सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम अभियान के दौरान 50 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 40 लाख लोग दवा खा चुके हैं । छूटे हुए लोगों के लिए आज बुधवार से छह जून तक माप अप राउंड चलाया जा रहा जिससे सभी को दवा वितरण कर खिलाया जा सके और फाइलेरिया से बचाया जा सके । जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने बताया कि माप अप राउंड के पहले भी मोबाइल टीम विभिन्न प्रमुख कार्यालयों में दवा खिलाने का कार्य जारी कर दी हैं । दवा से छूटे हुए लोग आशा कार्यकर्ता से दवा लेकर सेवन कर सकते हैं। अगर पांच साल तक साल में एक बार दवा का सेवन किया जाए तो इस बीमारी से बचाव संभव है । इस दवा का सेवन दो साल से अधिक उम्र के सभी लोगों (गर्भवती व गंभीर तौर पर बीमार लोगों को छोड़कर) को करना है । दवा खाना खाने के बाद स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही खानी है । जिन लोगों के शरीर में परजीवी होते हैं, जब वह लोग दवा खाते हैं तो परजीवियों पर हमला होता है और कुछ लोगों में उल्टी, मिचली, सिरदर्द जैसे लक्षण सामने आते हैं लेकिन थोड़े ही समय में यह स्वतः समाप्त हो जाते हैं। अभियान के दौरान दवा का सेवन उन लोगों को अनिवार्य तौर




पर करना है जिन्हें फाइलेरिया नहीं है । यह दवा एक प्रकार से फाइलेरिया के टीके की तरह है । क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है, लेकिन संक्रमण का यह लक्षण आने में पांच से पंद्रह साल तक भी लग जाते हैं । इससे या तो संक्रमित व्यक्ति को हाथीपांव हो जाता है, जिसमें हाथ, पैर, स्तन सूज जाते हैं अथवा हाइड्रोसील हो जाता है जिसमें अंडकोष सूज जाता है। हाथीपांव के साथ जीवन का निर्वहन कठिन हो जाता है। इन स्थितियों से बचने का एक ही उपाय है कि दवा का सेवन किया जाए। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## नकली एशियन पेंट बनाने वाला युवक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइनबाजार थाना अंतर्गत पुलिस ने बुधवार को नामी गिरामी कंपनी एशियन पेंट की जगह नकली एशियन पेन्ट बनाकर बेचने वाले एक अभियुक्त को थाना क्षेत्र के मियांपुर मोहल्ले में उसके घर से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 535 खाली बाल्टी, 480 हैण्डल,514 ढक्कन व 512 एशियन नकली स्टीकर



बरामद हुआ है। मामले का बुधवार को खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि एशियन पेन्ट के मैनेजर मनोज कुमार सिंह ने लाइनबाजार में मुकदमा दर्ज कराया था कि नगर के मियांपुर मोहल्ले में एक व्यक्ति हमारी कम्पनी का फर्जी पेंट बना रहा है । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलास कर रही थी। इस दरम्यान मुखबीर सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम बख्तीयर 30 वर्ष पुत्र महमुद आलम निवासी मियापुर लाईन बाजार जनपद जौनपुर बताया ।इसके विरुद्ध कापीराईट एक्ट में गिरफ्तारी किया गया है ।उसके पास से 535 खाली बाल्टी 480 हैण्डल 514 ढक्कन 512 एशियन नकली स्टीकर बरामद हुआ है।

## विक्रम सिंह बने असिस्टेंट प्रोफेसर : गांव में खुशी का माहौल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा जारी हुए परिणाम में गनेशपुर गांव के विक्रम सिंह का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। जिससे उनके गांव गनेशपुर भन्नौर में खुशी का माहौल है। विक्रम सिंह की प्रारंभिक शिक्षा श्री गणेश विद्या पीठ इंटर कॉलेज, भन्नौर, बरसठी, जौनपुर से हुयी है! उन्होंने स्नातक और परास्नातक शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त



की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अमर नाथ झा छात्रावास में रहकर विक्रम सिंह ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित होने वाली NET /JRF राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भूगोल एवं पर्यावरण विज्ञान दोनों विषयों में उत्तीर्ण की है! वर्तमान में विक्रम सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन विषय पर प्रोफेसर शैलेन्द्र राय के मार्गदर्शन में शोध कर रहे हैं। महान वैज्ञानिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति माननीय ए पी जे अब्दुल कलाम को अपना आदर्श बताने वाले विक्रम सिंह ने कहा कि धैर्य, लगन और समर्पण के साथ निरंतर प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है ।उनके पिता शिव कुमार सिंह व बड़े भाई एडवोकेट सूरज विक्रम सिंह ने बताया कि विक्रम बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि छात्र रहे हैं। खेलों के प्रति उनका झुकाव बचपन से ही रहा और विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं फुटबाल, क्रिकेट, टेबल टेनिस आदि में उन्होंने कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

## सुरेन्द्र मिश्रा को मिली रूपापुर चौकी की जिम्मेदारी : पदभार किया ग्रहण

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : एसपी अजय कुमार द्विवेदी ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए थाना पाली में कार्यरत रहे रूपापुर चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार दुबे को स्थानांतरित करते हुये माधौगंज थाने से उपनिरीक्षक सुरेंद्र मिश्रा को पाली थाने के रूपापुर चौकी का नया इंचार्ज नियुक्त किया है। पाली थाना क्षेत्र के रूपापुर चौकी के नए इंचार्ज के तौर पर थाना माधौगंज से स्थानांतरित होकर आये सुरेंद्र मिश्रा ने 28 मई शनिवार को अपना पदभार संभाल लिया। यहाँ के चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार दुबे का स्थानांतरण थाना संडीला के कताई मिल चौकी पर हो गया था। चौकी इंचार्ज का पदभार संभालने के बाद उपनिरीक्षक सुरेंद्र मिश्रा ने बातचीत के दौरान कहा कि इलाके में अमन शान्ति बहाल रखना हमारी प्राथमिकता होगी। किसी भी व्यक्ति को कानून का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जायेगी।साथ ही यदि कोई अराजकतत्व



दिखाई दिये तो उन पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। चौकी इंचार्ज ने कहा कि नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए उनकी ओर से क्षेत्र में विशेष मुहिम चलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## ज्ञानवापी में शिवलिंग पर संशय नहीं : मक्का को मक्केश्वर मंदिर घोषित किया जाए –स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

वाराणसी ब्यूरो : गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने ज्ञानवापी मामले को लेकर बुधवार को बड़ा बयान दिया। वाराणसी के अस्सी स्थित मठ में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी में शिवलिंग ही है। वो आदि विशेश्वर हैं। पूरी काशी ही शिवलिंग है, किसी को संशय नहीं होना चाहिए। निश्चलानंद सरस्वती ने आगे कहा कि ज्ञानवापी परिसर को जल्द से जल्द हिंदुओ को सौंप देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने आगरा स्थित ताजमहल को तेजोमहल घोषित करने और मक्का में मक्केश्वर महादेव बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मैं कह रहा हूं वह एक अभियान है। सनातन धर्मियों को इस पर किसी को संशय नहीं करना चाहिए। मुस्लिम समाज को देना चाहिए सहिष्णुता का परिचय कहा कि हम सब अब स्वतंत्र भारत में हैं और हमारा अधिकार है की हम अपने पूर्व के मानवाधिकार को स्थापित करें। इसके साथ ज्ञानवापी से जुड़े एक सवाल के जवाब में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने मुस्लिम समुदाय से अपील के साथ ही सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को अपने पूर्वजों ने मानवाधिकार का हनन करके जो कदम उठाए, उसे वह आदर्श न




मानें। मुस्लिम समाज को अपने पूर्वजों की गलतियों को मानकर सहिष्णुता का परिचय देना चाहिए। मानवता का परिचय देकर सभी के साथ मिलकर चलना चाहिए। ज्ञानवापी का जो पूर्व स्वरूप था उसे एक बार फिर इस स्वरूप में लाना चाहिए। मानवाधिकार की सीमा में विश्व की कोई भी शक्ति हमें इससे वंचित नहीं कर सकती। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने एलान किया कि मंदिरों को संरक्षित करने के लिए काशी में तमाम शंकराचार्यों, प्रमुख पीठों के महंत एवं धर्माचार्यों का सम्मेलन आयोजित करेंगे। तिथि की घोषणा जल्द होगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

पवित्रता की शक्ति इतनी प्रबल है जो सारे विश्व के दुःख दूर कर सकती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# राज्यसभा चुनाव : हकदारी की राजनीति से जूझती कांग्रेस

छत्तीसगढ़ से दो प्रत्याशी चुने गए हैं, और दोनों बाहरी हैं, वहां से भी नाराजगी के संकेत हैं। चिदंबरम और जयराम रमेश को टिकट दिए गए हैं, दोनों अनुभवी और कद्दावर नेता हैं, जो सदन में पार्टी का पक्ष मजबूती से रखेंगे। यह ठीक है कि सबको खुश नहीं किया जा सकता और कहने से करना ज्यादा कठिन है, लेकिन पार्टी को स्थानीय और बाहरी लोगों के बीच एक संतुलन तो बनाना ही चाहिए था।

पंद्रह राज्यों की 57 राज्यसभा सीटों पर आगामी दस जून को चुनाव होंगे। लगभग सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सबसे पहले बात करते हैं, देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की। कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची से उसकी दिशाहीनता और दुविधा स्पष्ट हो जाती है। कांग्रेस ने जिन दस उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उनमें छत्तीसगढ़ से राजीव शुक्ल और रंजीता रंजन, हरियाणा से अजय माकन, कर्नाटक से जयराम रमेश, मध्य प्रदेश से विवेक तन्खा, महाराष्ट्र से इमरान प्रतापगढ़ी, तमिलनाडु से पी. चिदंबरम, राजस्थान से मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला और प्रमोद तिवारी के नाम शामिल हैं।

इस सूची के नामों को देखें, तो इसमें कई संदेश छिपे हुए हैं। मोटे तौर पर इससे गांधी परिवार की हकदारी (इनटाइलमेंट) स्पष्ट होती है। स्पष्ट रूप से इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के चहेतों को टिकट दिया गया है। जिन दो राज्यों में पार्टी की सरकार है, और जहां शीघ्र ही चुनाव होने वाले हैं, वहां स्थानीय लोगों की उपेक्षा की गई है। इससे यह समझ में नहीं आ रहा है, पार्टी ने ऐसा क्यों किया? अगर दूसरे राज्यों से उम्मीदवार को लाना ही था, तो जहां तीन सीटें हैं, वहां एक बाहर से और दो स्थानीय लोगों को प्रत्याशी बना सकते थे।

जाहिर है, इससे पार्टी में असंतोष फैल रहा है और कुछ लोगों ने खुलकर नाराजगी जाहिर भी की है। इससे कांग्रेस की दशा–दिशा का पता चलता है कि वह हकदारी की राजनीति से जूझ रही है। पार्टी ने इस पर विचार नहीं किया कि इससे राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव पर क्या असर पड़ेगा, जहां अभी उसकी सरकार है और आगे चुनाव जीतना है। प्रमोद तिवारी का राजस्थान से क्या लेना–देना, उन्हें वहां से क्यों टिकट दिया गया? इसके अलावा, सूरजेवाला को अगर राज्यसभा में लाना ही था, तो राजस्थान के बजाय हरियाणा से क्यों नहीं लाया गया?

इसके पीछे तर्क क्या है? छत्तीसगढ़ से दो प्रत्याशी चुने गए हैं, और दोनों बाहरी हैं, वहां से भी नाराजगी के संकेत हैं। चिदंबरम और जयराम रमेश को टिकट दिए गए हैं, दोनों अनुभवी और कद्दावर नेता हैं, जो सदन में पार्टी का पक्ष मजबूती से रखेंगे। यह ठीक है कि सबको खुश नहीं किया जा सकता और कहने से करना ज्यादा कठिन है, लेकिन पार्टी को स्थानीय और बाहरी लोगों के बीच एक संतुलन तो बनाना ही चाहिए था। असल में कांग्रेस की एक मुश्किल और है कि इसमें फैसले सार्वजनिक निर्णय से नहीं किए जाते।

जैसा कि हाल में राहुल का कैंब्रिज में दिया गया बयान। भाजपा के आरोप कि वह सवालों का जवाब नहीं दे पाए, को मानें या न मानें, पर राहुल ने वहां एक बड़ा बयान दिया कि 'भारत राज्यों का एक संघ है, राष्ट्र नहीं है। राष्ट्र तो पश्चिम की अवधारणा है और उसे किंगडम के रूप में देखा जाता है।' उन्होंने इतना बड़ा बयान दिया, लेकिन पार्टी के अंदर इस पर चर्चा भी नहीं हुई कि यह हमारी पॉलिसी होने वाली है। बिना पार्टी में चर्चा किए, बयान दिए जाते हैं और वह पार्टी की नीति हो जाती है! अब बात करते हैं, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की।

मोदी की भाजपा ने एक भी मुस्लिम नेता को अपना राज्यसभा प्रत्याशी नहीं बनाया है, जिससे पार्टी की दिशा स्पष्ट है। जैसा कि उन्होंने मंत्रिमंडल में नए लोगों को शामिल किया था, उसी तरह से इस बार राज्यसभा का प्रत्याशी बनाते वक्त पार्टी ने जावड़ेकर और मुख्तार अब्बास नकवी को नहीं चुना, जबकि नकवी केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं। जिन लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है, वे ऐसे लोग हैं, जो मोदी की कार्यसंस्कृति में ढल गए हैं। जाहिर है कि मोदी अपनी नई टीम को सामने ला रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कोविड में मौतें–इन सबके बावजूद लोग मोदी को ही चुन रहे हैं।

इसके कई कारण हैं–हिंदुत्व, राष्ट्रवाद, लोककल्याणकारी कार्यक्रम, जिसका फायदा लोगों तक पहुंच रहा है। इसके अलावा, एक और कारण हो सकता है, जिससे लोग उनकी तरफ मुड़ रहे हैं, वह यह कि लोग कहते हैं, 'इनके आगे–पीछे कोई नहीं है। गलतियां होती हैं, लेकिन नीयत सही है।' आज हमारा देश नौजवानों का देश है। कई क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियां परिवारवाद से ग्रस्त हैं। इसलिए आज हमारे देश में हकदारी की राजनीति के खिलाफ एक नई भावना पैदा हो रही है, जिसका फायदा मोदी को मिलता दिख रहा है।

पाठकों को याद होगा, हाल ही में जब एक अंग्रेजी दैनिक में एक नौकरशाह के स्टेडियम में कुत्ते घुमाने की खबर छपी थी, तो लोगों में काफी गुस्सा था, लेकिन जब उनका दूसरी जगह तबादला किया गया, तो लोगों ने उसका काफी स्वागत किया। आम आदमी पार्टी की सूची देखकर लग रहा है कि अरविंद केजरीवाल एक नई पार्टी का गठन कर रहे हैं। वह शुरू से नए लोगों को अपने साथ ला रहे हैं और इस बार भी उन्होंने उन लोगों को प्रत्याशी बनाया है, जिनकी सामाजिक हैसियत है और वे समाज के लिए कुछ काम करते रहे हैं।

राज्यसभा का असल मकसद भी तो यही है कि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को उसका सदस्य बनाया जाए। असल में आप कांग्रेस और भाजपा का विकल्प देने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी ने इसमें बहुत दिलचस्प खेल खेला है। अखिलेश ने रालोद के जयंत चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिसका स्पष्ट संदेश है कि सपा रालोद के साथ गठबंधन जारी रखना चाहती है। उसके बाद कपिल सिब्बल को समर्थन दिया है, जो सदन में स्वतंत्र आवाज होंगे। इसके अलावा, कपिल सिब्बल आजम खान के बहुत करीबी हैं।

इस बीच अखिलेश और आजम खान के बीच जो दूरियों की बातें हो रही थीं, कपिल सिब्बल उसे खत्म करने में अखिलेश की मदद करेंगे। इससे प्रतीत होता है कि सपा ने दूर की सोचकर राज्यसभा का प्रत्याशी चुना है। राज्यसभा के लिए पार्टियों द्वारा चुने गए प्रत्याशियों की सूची से जो बात उभरकर सामने आ रही है, उससे पता चलता है कि कौन–सी पार्टी कितने पानी में है और उसकी भावी दशा–दिशा क्या होगी। मोदी एक नई टीम खड़ी कर रहे हैं, आम आदमी पार्टी नए लोगों को ला रही है, सपा विपक्षी पार्टियों के एक बड़े गठबंधन की तरफ बढ़ना चाह रही है और कांग्रेस की सूची देखकर लगता है कि गांधी परिवार पार्टी पर अपना नियंत्रण कम करने के मूड में नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## 335000 लाभार्थियों को सेहतमंद बनाने पर फोकस : 1882 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पाठशाला लगाने की तैयारी

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग में पंजीकृत 335000 लाभार्थियों को सेहतमंद बनाने पर फोकस किया जाएगा। जिले के 1882 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पाठशाला कराने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। पोषण पाठशाला में वेब लिंक के माध्यम से अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जोड़ा जाएगा। वेब लिंक से जुड़ने वाले विशेषज्ञों की तरफ से विभाग की इच्छा सेवाओं के बारे में सभी लाभार्थियों को सेहतमंद रहने की जानकारी दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर होने वाले कार्यक्रम में 5 साल तक के बच्चों किशोरियों गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। विभाग में पंजीकृत 6 माह से 5 साल तक के 261512 बच्चों 67334 किशोरियों धात्री युवा गर्भवती महिलाओं और 5557 अति कुपोषित बच्चों को पोषण प्रबंधन पर जानकारी देने के लिए वर्चुअल पाठशाला कराने की तैयारियां की जा रही है। वेब लिंक से पोषण पाठशाला में जुड़ने वाले विशेषज्ञ अधिकारियों की तरफ से लाभार्थियों को सेहत दुरुस्त रखने के बारे में बताया जाएगा। विभाग की पहली सेवा अन्य पूरक पोषाहार वितरण है जिसमें लाभार्थियों को ड्राई राशन के वितरण के संबंध में बताया जाएगा। दूसरी सेवा टीकाकरण है जिसमें सभी बच्चों किशोरियों व गर्भवती महिलाओं को बी एच ई एल डी दिवस पर शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। तीसरी सेवा स्वास्थ्य जांच से जुड़ी हुई है जिसमें गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व चार प्रकार की जांच कराने के लिए सुझाव दिया जाएगा। साथ ही स्वयं वाला शिरडी वाले बच्चों को स्वास्थ्य जांच कराने के संबंध में बताया जाएगा। विभाग की चौथी विशेष पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित सेवा है जिसमें विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों से अन्नप्राशन गोद भराई हुआ सुपोषण दिवस पर सभी लाभार्थियों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए जाएंगे। पांचवी सेवा स्कूल पूर्व शिक्षा है जिसमें 3 से 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकन कराने केंद्रों पर भेजने और खेल–खेल में उनको पढ़ाने की गतिविधियां सिखाने के बारे में है। छठवीं सेवा संदर्भ है जिसमें बीमार बच्चे का नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए परामर्श देना है। इसके अतिरिक्त अन्य सुविधाओं के बारे में फोकस करने का सुझाव दिया जाएगा जिसमें स्वयं अर्थात तीव्र कुपोषित बच्चे को जिला मेमोरियल अस्पताल के बेड वाले पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने के लिए प्रेरित करना है। 14 दिनों तक मुफ्त आज की सुविधा है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निहारिका विश्वकर्मा का कहना है कि शासन के निर्देश पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पोषण पाठशाला कराने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम की टीम शीघ्र स्तनपान स्तनपान होगी। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ–साथ विषय विशेषज्ञों को भी जोड़ा जाएगा जो शीघ्र स्तनपान स्तनपान की आवश्यकता महत्व उपयोगिता पोषण प्रबंधन व कुपोषण से बचाव सहित छह सेवाओं के बारे में लाभार्थियों को जानकारी देंगे।

## जलाशय में उतराता मिला अधेड़ युवक का शव

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : जारवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जनकपुर के मजरा बसंतपुर निवासी अधेड़ का शव भगवानपुर जलाशय में उतर आता हुआ मिला है। बताया गया है कि अधेड़ बीते सोमवार को भैंस चराने भगवानपुर जिला से के पास गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया है। जारवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया ने बताया कि बसंतपुर निवासी रामकिशन आयु 50 वर्ष सोमवार दोपहर भैंस चराने भगवानपुर जिला से के पास गए थे। शाम को भैंस घर वापस आ गई लेकिन रामकिशन घर वापस नहीं आए पूर्णविराम घर वालों ने ग्रामीणों की सहायता से रामकिशन को खोजना शुरू किया लेकिन पता नहीं चल सका। बाद में आज सुबह परिजनों ने कोतवाली जरवा में गुमशुदगी की सूचना दी थी पूर्णविराम ग्राम प्रधान सगीर अहमद खान ने बताया कि ग्राम वासियों ने टोली बनाकर अन्य गांव भगवानपुर जिला सेवा जंगल में रामकिशन की तलाश करना शुरू कर दिया और दोपहर करीब ढाई बजे रामकिशन का शव भगवानपुर जलाशय में उतर आता हुआ नजर आया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव को पानी से बाहर निकाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अंतिम कार्यवाही की जाएगी।

## यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 8 वाहन हुए सीज : 45 वाहनों का हुआ ई चालान

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। ओवरलोडिंग व दस्तावेजों की कमी सहित अन्य कमियां मिलने पर 8 वाहनों को सीज करते हुए 25 वाहनों का चालान काटा गया है। यह आरटीओ अरविंद कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर डग्गामार हुआ अनियमित ढंग से चलने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आज जिले के अलग–अलग स्थानों पर सघन चेकिंग चलाया गया चेकिंग के दौरान मानक से अधिक भार लादे हुए 7 वाहनों को सीज कर दिया गया है। इसके साथ बिना फिटनेस के सड़क पर चलता हुआ पाए जाने पर एक अन्य वाहन को सीज किया गया है। दस्तावेज की कमी के चलते चालक द्वारा सीट बेल्ट ना लगाए जाने टैक्स बकाया होने तथा यातायात नियमों की अनदेखी पाए जाने पर 25 वाहनों का चालान भी काटा गया है। यह आरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग के आर आई प्रदीप कुमार के साथ खनन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा कई मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए नगर स्थित यातायात कार्यालय पर यातायात जागरूकता गोष्ठी एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी गई जिसमें वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने यात्रा के समय नशा न करने तथा निर्धारित गति से ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान संयुक्त जिला अस्पताल के नेत्र सर्जन यादव की देखरेख में 70 वाहन चालकों के नेत्र का परीक्षण किया गया। गोष्ठी में वजीर अहमद उमेश कुमार वेद प्रकाश कल्पनाथ राहुल सहित संभागीय परिवहन कार्यालय के तमाम कर्मी व वाहन चालक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ को दिया चार नवनिर्मित राजकीय इण्टर कालेजों का तोहफा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. प्रदेश में सभी साक्षर व सभी शिक्षित हो, यह प्रदेश के मुख्य मंत्री का संकल्प है। सभी को अच्छी गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त हो सके इसी के लिये उनकी घोषणा के अर्न्तगत प्रदेश में पैतीस तथा अल्पसंख्यक व प्रधानमंत्री जन विकास योजना के अर्न्तगत उन्चास कुल चौरासी राजकीय इण्टर कालेजों का निर्माण कराया गया। इसमें राजधानी लखनऊ को नये सत्र 2022–23 के लिये चार नवनिर्मित राजकीय इण्टर कालेजों की सौगात मिली है। जिनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजकीय बालिका इण्टर कालेज, चिनहट, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बेहटा, बक्शी का तालाब, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, नरही जियामऊ तथा राजकीय इण्टर कालेज, सैरपुर, चिनहट, का तोहफा मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को दिया है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति




अधिकारी डा0 दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि राजधानी के नवनिर्मित चारों विद्यालयों में नये सत्र 2022–23 के लिये प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उन्होलें क्षेत्रवासियों से अपील करते हुये कहा कि अपने बच्चों को गुणवत्तापरक, दक्षता व ज्ञान को समन्वित करने वाली शिक्षा प्रदान करने के लिये विद्यालय के प्रधानाचार्या व प्रधानाचार्य से प्रवेश दिलाने के लिये संपर्क करें साथ ही शासन की समस्त योजनाओं का पूर्ण लाभ उठायें।

## 860 पात्रों को पुष्टाहार का किया गया वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रतिमाह आंगनवाड़ी केंद्र पर निशुल्क पुष्टाहार का वितरण किया जाता है इसी क्रम में आज नगर परियोजना अधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर मुख्य सेविका अनीता यादव द्वारा नगर के हुसैनाबाद और मियांपुर मोहल्ले में 14 केंद्रों पर पुष्टाहार का वितरण कराया गया लगभग 860 पात्रों को पुष्टाहार वितरित किया गया लोग 3 माह



का पुष्टाहार पाकर काफी खुश नजर आए लोगों को पूरे 3 माह का पुष्टाहार पैकेट में कर कर दिया गया।

## तीसरे बड़े मंगल को इंदिरा नगर बी ब्लॉक में भंडारे का आयोजन सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल को इंदिरा नगर बी ब्लॉक चौराहे के पास जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने हनुमानभक्त कालोनी निवासी रंजना – प्रदीप दूबे द्वारा आयोजित भंडारे में दोपहर से शाम तक हजारों श्रद्धालुजनों ने पूड़ी – सब्जी व बूँदी का प्रसाद ग्रहण किया. श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की उपाध्यक्ष रंजना दूबे ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल (31 मई) को सुबह घर पर हनुमत भक्तों की टोली ने संगीतमय सुंदर कांड पाठ व प्रभु कीर्तन किया. उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक बी ब्लॉक चौराहे के पास जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने पंडाल लगाकर श्रद्धालु जनों को पूड़ी – सब्जी व बूँदी का प्रसाद बांटा गया. भंडारे में श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति से जुड़ी महिलाओं ने सक्रिय जिम्मेदारी निभाई. भंडारे के आयोजक प्रदीप दूबे का कहना है कि हनुमान जी की कृपा से ही जीवन नैया सही तरीके चल रही है. प्रभु कृपा से बीते कई




साल से जेठ में किसी एक बड़े मंगल को भंडारे का संकल्प पूरा हो जाता है. भंडारे में खास भक्तों में हनुमत् कृपा पत्रिका के संपादक नरेश दीक्षित, पुलिस अधिकारी सी. बी. सिंह, आशीष दीक्षित, रमेश चंद्र, मंदिर समिति की अध्यक्ष नीलम दीक्षित, सचिव उमा त्रिपाठी, सरिता श्रीवास्तव, किरन तिवारी, नीलम त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, मृदुला गुप्ता, लकी सिंह, नीलम मिश्रा, शिवानी चौहान, पूजा शर्मा, ऋचा त्रिपाठी आदि शामिल रहे।श्रीसिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की महिलाओं ने सक्रिय जिम्मेदारी निभाई।

## मिशन वैक्सीनेशन : ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में लग रहा बच्चों का वैक्सीनेशन और बूस्टर डोज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला के वैक्सीनेशन सेंटर में पिछले लगभग 1 वर्ष से चल रहे वैक्सीन के अभियान में 12 वर्ष से बड़े बच्चों को तथा 60 साल से बड़े लोगो को बूस्टर डोज भी गुरुद्वारा साहब के वैकसीन सेंटर पर लगाई जा रही है।यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने दी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि गुरुद्वारा साहब का वैक्सीनेशन सेंटर 14 जून से लगातार जारी है और हमारे वैक्सीनेशन सेंटर पर 1 लाख से ज्यादा लोगो को वैक्सीन लगाई जा चुकी है और बच्चों का वैक्सीनेशन भी हमारे सेंटर पर चल रहा है , सभी को पहला और दूसरा डोज लगाया जा रहा है तथा बूस्टर डोज भी लगाया जा रहा है। सभी नगर वासियों से हमारी अपील है कि जिनका वैक्सीनेशन अभी




कंप्लीट नहीं हुआ है और जिनके बच्चों की उम्र 12 साल से ऊपर है वह सभी कृपया कोरोना से बचाव के लिए शीघ्र अति शीघ्र वैक्सीन लगवा लें। गुरुद्वारा साहब के वैक्सीनेशन सेंटर का प्रबंध हरविंदर पाल सिंह नीटा, हरमिंदर सिंह टीटू कुलदीप सिंह सलूजा पूरी तन्मयता के साथ कर रहे हैं और जो बच्चे वैक्सीन लगवाने आ रहे हैं उनका हौसला भी बढ़ा रहे हैं और उनको उपहार भी दे रहे हैं।

### "कैसे" अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए 6 शक्तिशाली हैक्स

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हमारा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित करता है कि हम कैसे सोचते हैं, महसूस करते हैं, कार्य करते हैं और प्रतिक्रिया करते हैं। हमारा मानसिक स्वास्थ्य यह निर्धारित करता है कि हम तनाव या संघर्ष को कैसे संभालते हैं, मनीष नागर के अनुसार, जो "प्रैक्टिशनर लाइफ कोच और रणनीतिकार डिजिटल मार्केटर हैं। 1. अपने लिए लक्ष्य निर्धारित करें (व्यक्तिगत और पेशेवर)। प्रयास करने के लिए चीजों का होना अच्छा है। लेकिन अपने भविष्य के लिए एक आशावादी दृष्टि और आप जो हासिल करना चाहते हैं, उसके बारे में एक विचार रखना अच्छा है। 2. मानसिक फिटनेस योजना बनाएं। मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक फिटनेस पर्यायवाची नहीं हैं। लेकिन अगर आपके पास एक ठोस मानसिक फिटनेस योजना है, तो आप अपने मानसिक स्वास्थ्य की अच्छी देखभाल करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं।3. सामाजिक संबंधों का पोषण करें। हम स्वभाव से सामाजिक प्राणी हैं। और उस अंत तक, हमें वास्तव में अच्छी तरह से सामाजिक संबंधों की आवश्यकता है। जैसे आप एक पौधे को सींचते हैं, वैसे ही आप अपने रिश्तों को कैसे सींच रहे हैं? आप उन रिश्तों में कैसे निवेश कर सकते हैं जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं?4. अपनी भावनाओं और भावनाओं को व्यक्त




करें! हम नहीं जानते कि हमें अपनी देखभाल कहाँ करनी है जब तक हम यह नहीं जानते कि हम किस चीज की देखभाल कर रहे हैं जब हम अपनी भावनाओं के संपर्क में होते हैं, तो हम उनकी देखभाल करने और उन्हें वह ध्यान देने के लिए बेहतर "सुसज्जित" होते हैं जिसके वे हकदार हैं।5. माइंडफुलनेस" दैनिक दिनचर्या में जरूरी है। माइंडफुलनेस इनर वर्की का एक रूप हो सकता है, लेकिन यह इसके अभ्यास के रूप में पुकारने लायक है। और दिमागीपन कई अलग–अलग रूपों में जीवन में आ सकता है: जर्नलिंग, ध्यान, या यहां तक कि एक साधारण प्रतिबिंब भी। 6. पोषक तत्वों से भरपूर खाना खाएं और पानी पिएं। आपका मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य का अटूट संबंध है। आपके भौतिक शरीर को स्वस्थ तरीके से पोषित करने की आवश्यकता है। जब आप अपने शरीर को पोषण देते हैं, तो आपके दिमाग को फायदा होता है।

## शहीदों के सरताज साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का मनाया जाएगा 416वाँ पावन शहीदी दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी श्री गुरू सिंह सभा, नाका हिन्डोला, लखनऊ के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने बताया कि श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के सम्पादक, बाणी के बोहिथ, शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरू साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 416वाँ पावन शहीदी दिवस दिनांक 02 एवं 03 जून 2022 को में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला में मनाया जायेगा। स0 हरमिन्दर सिंह टीटू महामंत्री ने बताया कि दिनांक 02 जून 2022 को सायं 6.30 से 10.00 बजे तक एवं दिनांक 03 जून 2022 को प्रातः 5.00 से 03.00 बजे तक तथा सायं 6.30 से 10.00 बजे तक दीवान सजेगा। स0 सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस दिवस पर विशेष रुप से पधार रहे रागी जत्था भाई सुखजिन्दर सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर, भाई भुपिन्दर सिंह जी कानपुर वाले शबद कीर्तन गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। पंथ प्रसिध्द्ध प्रचारक ज्ञानी जसविन्दर सिंह जी श्री अमृतसर वाले श्री गुरू अरजन देव जी की जीवन एवं शहादत पर गुरमति विचार व्यक्त करेंगे । स0




हरविन्दरपाल सिंह नीटा ने बताया कि माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्याओं, के0के0एन0एस0 एवं गुरमत संगीत अकैडमी के बच्चे भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन करेंगे। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी कथा व्याख्यान करेंगे। इस अवसर पर एक विशाल गुरू के लंगर का भी आयोजन किया गया है। कई प्रमुख स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा गुरुद्वारा साहिब में छबीलें लगाएंगी, जिसमें कढ़ी चावल, ब्रेड छोले,कच्ची लस्सी, काले चनें तथा जल जीरा वितरित किया जायेगा।

# बक्शा के नरी गांव में धर्मांतरण करने पहुँचे युवक को ग्रामीणों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के नरी गांव में मंगलवार को धर्मांतरण कराने पहुँचे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पिटाई कर पुलिस को सौप दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइबिल व विभिन्न गम्भीर रोगों के इलाज करने का दावा करने वाले कागजात व फोटो को कब्जे में ले लिया है। विश्व हिंदू परिषद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्जनभर ग्रामीणों के साथ थाने पहुँच जबरन धर्म परिवर्तन करने की शिकायत करतें हुए लिखित तहरीर दी है। बक्शा थाना क्षेत्र के उटरूकला गांव निवासी कमलाकांत प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बदलापुर थाना क्षेत्र के कटहरी गांव निवासी प्रेमसिंह चौहान सुबह मेरे घर आये वहां से मुझे नरी गांव ले गए। प्रेमसिंह द्वारा मुझे पैसे की लालच देकर हिन्दू धर्म के प्रति अपमान जनक बात करतें हुए धर्म परिवर्तन की बात कही गई। तैयार न होने पर जबरन धर्म परिवर्तन की तैयारी की जाने लगी। मौका देख मैं अपने लोगो को फोन पर जानकारी दी। सूचना वीएचपी नेताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं को लगी तो दर्जनभर की संख्या में पहुँचे लोगों ने आरोपी को दबोच लिया। ग्रामीणों ने पिटाई कर थाने लाकर आरोपी को पुलिस को सौप दिया। इस दौरान थाने पहुँचे नरी प्रधान चंचल सिंह, हैदरपुर प्रधान पुत्र देवेश उर्फ कुंदन सिंह, रणजीत यादव, सन्दीप सिंह, मोनू माली, शैलेश सिंह, मदन सिंह, प्रदीप सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में भ्रमण कर धर्म परिवर्तन कराने का कार्य कर रहा था।

# विधान सभा की नौ बाजारों को स्मार्ट बाजार बनाए जाने की कवायद तेज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा क्षेत्र को मांडल विधानसभा बनाए जाने के क्रम में विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने क्षेत्र की 9 बाजारों को स्मार्ट बाजार बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। उन्होंने उन बाजारों की सूची मुख्य विकास अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए भेज दिया है जिन्हें स्मार्ट बाजार बनाया जाना है । इन बाजारों को स्नानघर, सामुदायिक शौचालय, इंटरलॉकिंग , सोलर लाइट, सड़क के दोनों किनारों पर रेलिंग, यात्री प्रतीक्षालय, स्पीड ब्रेकर , कैटाइज तथा डेलनेटर से सुसज्जित किया जाएगा! जिन बाजारों को स्मार्ट बाजार बनाया जाना है उनमें विकास खण्ड बदलापुर की मुख्य बाजार सिंगरामऊ, तियरा ,कुशहा, घनश्यामपुर विकासखण्ड बक्शा में लेदुका, धनियामंऊ, दिलशादपुर तथा विकासखण्ड महराजगंज में कोल्हुआ, सवंशा, डेल्हूपुर, केवटली , नाहरपुर बाजार शामिल है! गौरतलब है कि स्मार्ट बाजार बनने से जहाँ बाजार वासियों को उनकी मूल भूत सुविधाएं मिल सकेंगी वहीं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास तेजी से होगा! विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि स्मार्ट बाजार बनाने के लिए सीडीओ को पत्र जारी कर दिया गया है!

# भारत विकास परिषद के नशामुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद शाखा जौनपुर द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह 25 मई से 31 मई तक चलाया जा रहा है।इसी क्रम विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में जागरूकता पोस्टर का विमोचन अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि तम्बाकू एवं धुम्रपान लेना बहुत नुकसानदायक है इससे बचे और दूसरों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करे। इस अवसर उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र कुमार दूबे परिषद द्वारा किये जा जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू से होने वाले खतरे और उसके प्रभावों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव प्रकाश मौर्य ने बताया ॅभ्व् द्वारा वर्ष 1987 से हर साल 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है. पान, गुटखा, सिगरेट, दोहरा, खैनी, सुर्ती एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक हैं, इनसे कैंसर के साथ ही हर्दय, फेफड़ा, गुर्दा एवं शरीर के अन्य भागों को भी नुकसान होता है। कोरोना संक्रमण के दौर में तो ये खतरा और बढ़ गया हैस धूम्रपान करने से फेफड़े कमजोर हो जाते हैं जिससे कोरोना संक्रमण बढ़ने की संभावना रहती है। इसके अलावा पान मसाला, गुटखा खाकर लोग जगह –जगह थूकते हैं जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। तम्बाकू उत्पादकों का प्रयोग मुख एवं गले के कैंसर का प्रमुख कारण है जिससे हर साल करीब 4 लाख लोग अपनी जान गँवा देते हैं। (ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे )2016–17



के अनुसार भारत में करीब 34.6ः व्यस्क लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं । सिगरेट, बीड़ी का उपयोग करने वालों की संख्या 1998 में 7.9 करोड़ से बढ़कर 2015 में 11 करोड़ हो गयी अतः ये अत्यंत अवश्यक है कि लोग जल्द से जल्द इस लत से छुटकारा पा लें। तम्बाकू छोड़ने के कुछ उपाय – 1. मजबूत इक्छा शक्ति रखें 2.अचानक बंद करने के बजाये धीरे – धीरे तम्बाकू की मात्रा कम करें 3.तलब लगने पर लौंग, इलाइची, सौंफ का प्रयोग करें। 4. तम्बाकू का सेवन करने वालों से दूरी बना के रखें पूर्व अध्यक्ष विक्रम गुप्ता ने कहा की लोग गुटका दोहरा इत्यादि खाकर जगह जगह थूकते है जिससे ये हर तरफ गंदगी के साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख समग्र ग्राम विकास अतुल जायसवाल ने कहा कि समाज मे ब्याप्त तमाम बुराइयों का कारण नशावृत्ति है अगर व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहे समाज और परिवार के लिए लाभदायक है।इस अवसर पर प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख वनवासी सहायता अवधेश गिरी ने कहा कि परिषद द्वारा चलाये जा रहे साप्ताहिक कार्यक्रम में शहर के प्रमुख कार्यालय स्टेशन इत्यादि पर शपथ के साथ पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शरद शाहू शिवकुमार गुप्ता, सुजीत गुप्ता, डाक्टर आशुतोष सिंह,संतोष अग्रहरि, अजय श्रीवास्तव रमेश श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव संजय अस्थाना इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया।

# ईएमटी ने एंबुलेंस में कराया महिला का प्रसव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के महरौड़ा गांव निवासी प्रसूता को सोमवार की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाते समय प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी ने एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव कराया। महिला ने बच्चे को जन्म दिया। जच्चा–बच्चा को पीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार महरौड़ा गांव की सोनी पत्नी राजेश कुमार गर्भवती थी। सोमवार की देर शाम प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिजन 102 नं. पर काल करके एम्बुलेंस बुलवाया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन संजय शर्मा के साथ चालक सुनील साहनी एम्बुलेंस लेकर प्रसूता के घर पहुंचे। परिजन के साथ प्रसूता को एम्बुलेंस से लेकर पीएचसी सोंधी ले जा रहे थे। रास्ते में महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ने हालत बिगड़ने लगी। ऐसे में चालक ने एम्बुलेंस रोक दी। एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी संजय शर्मा ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद महिला व नवजात को पीएचसी सोंधी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया । इसके बाद महिला को परिजनों संग घर भेज दिया गया। सुरक्षित प्रसव पर परिजनों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। प्रभारी चिकित्साधिकारी सोंधी रमेश चंद्रा ने बताया की प्रसव पीड़ा होने पर प्रसूता का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करा लिया गया । जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ हैं।

# तीन भट्ठा संचालको समेत 5 लोगो पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र जंघई अंतर्गत विभिन्न गांवों में विद्युत उपखण्ड अधिकारी मछलीशहर अमर सिंह पटेल की टीम के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए तीन भठ्ठा संचालक समेत 5 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है। जिससे अबैध कटियामार लोगों में हड़कंप मच गया है। विद्युत उपखंड अधिकारी मछलीशहर अमर सिंह पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र के करियांव, भटहर, रामपुर चौथार गांवो में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे अवैध रूप से बिजली का उपभोग कर रहे तीन भठ्ठा संचालक समेत पांच लोगो को पकड़ा गया। जिन्हें विद्युत चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। इस टीम में विद्युत उपखण्ड अधिकारी मछलीशहर अमर सिंह पटेल, जनमेजय त्रिपाठी, अवधेश कुमार, राकेश कुमार, अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य विद्युत कर्मचारी सम्मिलित रहे।

## बीएड प्रयोगात्मक परीक्षा लेने गए परीक्षकों को कॉलेज में बनाया बंधक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीएड के प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराने गए दो परीक्षकों को गाजीपुर में एक कॉलेज प्रबंधक ने बंधक बना लिया और जबरिया रोके रखा। हालांकि इस दौरान एक परीक्षक किसी तरह वहां से भागकर कुलपति व परीक्षा नियंत्रक से कार्रवाई की मांग की। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की ओर से गाजीपुर जिले में बालाजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज भभोरा औरिहार में बीएड थर्ड सेमेस्टर के प्रयोगात्मक, मौखिकी परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षक डॉ जनार्दन प्रसाद शुक्ला (राज कॉलेज) डा अवधेश कुमार यादव मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज से न्यूक्त होकर गए थे। दोनों परीक्षक बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा टीचिंग प्रारंभ किया था कि पहले रोल नंबर पर छात्रा आई जिससे पाठ योजना की फाइल मांगी गई वह प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके अलावा परीक्षकों के सामने दूसरे छात्रों की जगह दूसरे छात्र परीक्षा में बैठाए गए थे। जिस पर परीक्षक ने आपत्ति जताया और करीब दो दर्जन से अधिक है ऐसे मामले पाए जिस पर परीक्षाको ने परीक्षा रोक दी ।आरोप है कि इसके बाद गुस्साए वहां कालेज के प्रबंधक और उनका सहयोगी लोग गाली गलौज करते हुए दोनों परीक्षकों को लाठी लेकर हाथ पैर तोड़ने की धमकी देने लगे और अंकपर्ण पर हस्ताक्षर करने का जोर देने लगे । इस दौरान दोनों परीक्षक वहां से निकलने का प्रयास कर रहे थे कि प्रबंधक ने सभी गेट बंद करवा दिए और डा अवधेश कुमार यादव मौके से बांउड्री लाघ कर भागने में सफल रहे। जबकि दूसरे परीक्षक डॉ जनार्दन प्रसाद शुक्ला करीब 3 घंटे में बंधक बने रहे। जब इस दौरान प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न नहीं हो पायी । डॉक्टर अवधेश ने अंकपर्ण को लाकर परीक्षा नियंत्रक के समक्ष प्रस्तुत कर दिया । मामले की शिकायत कुलपति और परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह को पत्र के माध्यम से करते हुए कार्यवाही की मांग की। डॉ अवधेश कुमार यादव का कहना है कि कॉलेज प्रयोगात्मक परीक्षा के मानको को ताक पर रखकर जबरदस्ती करवा करके मनमानी अंक देता। जिसके बदले छात्रों से पैसा वसूल करता ।जिसमें वह अपने मंशूबे सफल नहीं हो पाये और उसके खिलाफ शिकायत परीक्षा नियंत्रक को दे दिए।

# मिट्टी पाटने के विवाद में घायल वृद्ध की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव मे 11मई को हरिजन बस्ती मे मिट्टी पाटने के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल नंदलाल की मौत के मामले में दर्ज मुकदमे में खेतासारय पुलिस ने दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया । जनकारी के अनुसार गांव के एक पक्ष फूल चंद व दूसरे पक्ष नंदलाल के बीच मिट्टी पाटने को लेकर आपस मे मारपीट हुई थी जिसमे नंदलाल 80 पुत्र लवटू राम की इलाज के दौरान 28 मई को जिला अस्पताल जौनपुर मे मृत्यु हो गयी थीं । मृतक नंदलाल की तहरीर पर धारा 147 ,323,504,506 ,427,435 में 8 आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पजीकृत किया गया था तथा नंदलाल की मृत्यु के उपरांत धारा 304 बढ़ा दी गईं थीं । थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय ने बताया की मंगलवार को क्षैत्र के जैगहां बाजार से नामजद आरोपियों में से फूल चंद पुत्र सालिक राम निवासी मुस्तफाबाद ,ओमप्रकाश पुत्र हरिलाल निवासी मुस्तफाबाद को गिरफतार कर विधिक कारवाई की जा रही है । आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय, उप निरिक्षक हरिशंकर यादव , कांस्टेबल रणजीत यादव , कांस्टेबल संदीप यादव शमिल रहे।

# बगिया वाले हनुमान मन्दिर पर हुआ तीसरे बड़े मंगल पर भण्डारे का आयोजन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। हिन्दू धर्म के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमानजी की आराधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। मान्यता है मंगलवार के दिन संकटमोचन हनुमान जी की पूरी श्रद्धा और विधि–विधान से पूजा पाठ करने से वे प्रसन्न होते हैं। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाला प्रत्येक मंगल बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहलाता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले बड़े मंगल पर विधि विधान से हनुमानजी की पूजा अर्चना करने से साधक को प्रत्येक कष्ट और बाधा से मुक्ति मिलती है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले ये मंगलवार काफी खास हैं। इसके पीछे एक पौराणिक कथा भी सुनने को मिलती है। कहते हैं कि वन में विचरण करते हुए श्री राम जी से हनुमान जी का मिलन विप्र (पुरोहित) के रूप में इसी दिन हुआ था। एक अन्य कथा के अनुसार महाभारत काल में जब भीम को अपने बल का घमंड हो गया था, तो हनुमान जी ने बूढ़े वानर का रूप रखकर भीम के घमंड को तोड़ा था। इसलिए ज्येष्ठ मास के मंगलवार को बुढ़वा मंगल या बड़ा मंगल के नाम से जाना जाता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, दशरथनंदन श्री राम पहली बार हनुमान जी से ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को ही मिले थे, इसलिए इसे बड़ा मंगलवार के नाम से जाना जाता है। ज्येष्ठ माह का आरंभ 17 मई और समापन 14 जून को है। इस वर्ष ज्येष्ठ महीने की खास बात यह है कि इसका





प्रारंभ और समापन दोनों मंगलवार के दिन होगा। ज्येष्ठ मास में इस बार पांच बड़े मंगल मिलेंगे। इस वर्ष 17 मई, 24 मई, 31 मई, 7 जून और 14 जून को बड़े मंगल पड़ रहे हैं। बगिया वाले हुनमान मंदिर पर हुआ भण्डारा राजधानी लखनऊ में तीसरे बड़े मंगल पर जगह–जगह भण्डारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गांव अमौसी के साईं सुरक्षा नगर में निर्मित बगिया वाले हनुमान मंदिर पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से भण्डारे का आयोजन अनिरूद्ध शर्मा व पियूष मिश्रा के साथ अभिषेक शर्मा, शुभम, लकी ठाकुर, हिमांशु, शिवांग, अंशु, यस, अनुराग मिश्रा व रितिक कार्यकर्ता के रूप में समस्त व्यवस्था को देख रहे थे। भक्तों ने इस दौरान प्रसाद ग्रहण किया।

# सार्थक और सकारात्मक पत्रकारिता आज की आवश्यकता : अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिन्दी पत्रकारिता के पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी है। यद्यपि चुनौतियां हर प्रोफेशन में है लेकिन आज के परिवेश में पत्रकारिता के रास्ते में अनेक कठिनाईयां और चुनौतियां है। सूझबूझ और कठिन परिश्रम से इन पर विजय प्राप्त की जा सकती हैं। नई पीढ़ी के पत्रकारों को गहराई तक अध्ययन करने की जरूरत है। सार्थक और सकारात्मक पत्रकारिता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उक्त विचार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की जनपद ईकाई (सम्बद्व इण्डियन फेडरेशन आफ वार्किग जर्नलिस्ट) द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी वर्तमान परिवेश में हिन्दी पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां विषय पर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्यण दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सरस्वती वंदना वरिष्ठ साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र और संचालन डॉ0 कुंवर यशवन्त सिंह ने किया। विजय प्रकाश मिश्र ने अतिथियों और पत्रकारों तथा अभ्यागतों का स्वागत करते हुए हिन्दी पत्रकारिता दिवस की प्रासंगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनियन की जनपद ईकाई द्वारा मुख्य अतिथि राम प्रकाश एडीएम, विशिष्ट अतिथि पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज मिश्र, जिला सूचनाधिकारी सुश्री मनोकामना राय, वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 ज्ञान प्रकाश सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर एवं गिरीश श्रीवास्तव को अंगवस्त्रमङ्क्ष, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विविष्टङ्क्ष अतिथि डॉ0 मनोज मिश्र ने अपने सारगर्भित उदङ्क्षबोधन में कहा कि पत्रकार आज पाठकों को क्या दे रहे हैं, देने के पहले सोचें कि कहां सुधार की आवश्यकता है। 2014 के बाद सोशल मीडिया का वचस्व बढ़ा है। कुछ वर्षों में हिन्दी पत्रकारिता की परिभाषा बदल गई है। पत्रकारिता उदण्ड मार्तण्ड से शुरू होकर डेढ़ सौ वर्षों में कहां आ गई हमारे नजरिये छोटे हो गये, इसको बड़ा करने की जरूरत है। चुनौतियां विचारणीय है, इस पर मन्थन की जरूरत है। मुख्य वक्ता डॉ0 दिलीप सिंह जूरी मेम्बर सिविल कोर्ट जौनपुर ने यमदग्नि ऋषि की धरती की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारिता की पृष्ठभूमि और वर्तमान पत्रकारिता के अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उदण्ड मार्तण्ड से शुरू होकर हिन्दी पत्रकारिता सोशल पत्रकारिता से डिजिटल पत्रकारिता तक आ गई है। उन्होंने कहा कि इसके समक्ष मौजूद चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने का एकमात्र साधन है, रचनात्मक और सार्थक पत्रकारिता। कामरेड जय प्रकाश सिंह एडवोकेट ने कहा कि आज का दिन पत्रकारिता के मूल्यांकन का दिन है। वह अखबार, अखाबार नहीं है जिससे शासन–प्रशासन न डरे। उदण्ड मार्तण्ड से ब्रिटिश हुकूमत घबराई वहीं धार लानी पड़ेगी पत्रकारों को अपनी लेखनी में। उन्होंने कहा कि सूरज रोशनी को तरसेगा, चांद चांदनी को तरसेगा, शहर में लोग बहुत हैं लेकिन शहर आदमी को तरसेगा. .। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में हिन्दी को विद्वानों ने विकसित किया लेकिन पूरे हिन्दुस्तान में रोटी और भूख ने फैलाया। मुफलिसों और गरीबों ने हिन्दी का विस्तार किया। आज चुनौतियां है, जरूरत है पहल करने की, हल अवश्य निकलेगा। हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह को किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष संजय उपाध्याय, तरूणमित्र के सम्पादक आदर्श कुमार, वरिष्ठङ्क्ष अधिवक्ता शरद जायसवाल, प्रमोद पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। आभार सन्तोष सोन्थालिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कैलाश नाथ मिश्र, डा0 अजहर अहसन जाफरी, प्रेम प्रकाश मिश्र, निगार फात्मा, चन्द्रमणि पाण्डेय, अरूण यादव, डॉ0 यशवन्त गुप्ता, देवेन्द्र खारे, प्रमोद माली, दीपक चिटकारिया, मंगला प्रसाद तिवारी, सुधीर सिंह, दीपक मिश्रा, नरेन्द्र शर्मा, नवीन कुमार सिंह, सुधाकर शुक्ला, चन्द्र प्रकाश तिवारी, जुबेर अहमद, अजीत सिंह टप्पू, अरूण कुमार तिवारी, ओम प्रकाश दूबे, देवी प्रसाद पाण्डेय, संजय मेहरोत्रा, रामचन्द्र नागर, गंगा प्रसाद चौबे, संजू चौरसिया, कंचन सिंह, रंजीत साहू, मनीष कुमार गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव, बिहारी लाल, लाल बहादुर, राजेश गुप्ता, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, अमरेश पाण्डेय, महेन्द्र प्रजापति, राजाजीत तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, संजय शुक्ला, वीरेन्द्र पाण्डेय, आदर्श प्रजापति, संतोष राय, नरेन्द्र गिरि, आशुतोष अस्थाना, प्रेम प्रकाश राय, शिवेश मिश्र, आलोक सिंह, सरन प्रजापति, सीएम पाण्डेय, अखिल मिश्र आदि पत्रकार एवं गणमान्य उपस्थित थे

# बैंक की हीला हवाली के चलते एमडीएम भत्ते का पैसा अभिभावकों के खाते में नही पहुचा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासनादेश के मुताबिक लॉक डाउन के समय 94 दिन विद्यालय बन्द होने के कारण बच्चे भोजन नही ग्रहण कर पाए जिसके एवज में सरकार ने बच्चो के राशन का पैसा छात्रों के अभिभावकों के खाते में भेजने का आदेश किया ।जिसको विद्यालय स्तर से सूची बनाकर हेडमास्टर द्वारा बैंक प्रबंधक को 20 दिन पहले ही बैंक को सौप दिया गया लेकिन बैंकों की हीलाहवाली के चलते आज तक छात्रों के अभिभावकों के खाते में एमडीएम भत्ते का पैसा अभी तक नही पहुचा । जब बैंक प्रबंधक मुफ्तीगंज से इस विषय मे बात किया गया तो उन्होंने बताया कि अधिक कार्यो की व्यस्तता से पैसा नही गया लेकिन शीघ्र ही पैसा अभिभावकों के खाते में पहुच जाएगा। प्राथमिक विद्यालय मुफ्तीगंज के सहायक अध्यापक हरिओम सहाय ने कहा कि जितने जल्द हो सके अभिभावको के खाते में एमडीएम भत्ते का पैसा भेज देवे ।क्योकि इसको लेकरछात्रो एवम अभिभावकों में रोष है।

# अतिक्रमण को लेकर व्यापार मंडल ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर के अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रशासक नगर पंचायत हिमांशु नागपाल को ज्ञापन सौंप अतिक्रमण अभियान पर आपत्ति जताई। व्यापारियों का कहना है कि टिन शेड पूरी तरह हटा देने से धूप और बारिश में दुकानों में रखे सामानों के खराब होने के साथ ग्राहकों को भी काफी असुविधा होगी। अतिक्रमण हटाने के नाम पर नाली के अंदर तक किसी भी व्यापारी का नुकसान न किया जाये। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने आश्वासन देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस संबंध में उन्होंने बुधवार को नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक रखी है।

# चिकित्सको ने दी पशु चिकित्सक डॉ. चंद्रभान भारती को विदाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजकीय पशु चिकित्सालय में पांच वर्ष तक सेवा देने वाले पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रभान भारती के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को चिकित्सकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी अढ़नपुर डॉ. आलोक सिंह पालीवाल ने कहा कि डॉ. भारती जी का पांच वर्षों का स्थानीय अस्पताल पर कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने जिस तरह से काम किया वो कभी भुलाया नहीं जा सकता। चिकित्सकों ने सेवानिवृत्त डॉ. चंद्रभान भारती को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और भागवत गीता देकर विदाई दी। इस मौके पर डॉ. भारती ने क्षेत्र के लोगों और पशु पालकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर डॉ. धर्मेश कुमार, डॉ. विपिन सोनकर, पशुधन प्रसार अधिकारी अरविन्द कुमार, संजय कुमार, राम सेवक, श्रीपाल, सुभाष यादव, राजेश यादव, प्रांजल पांडे आदि रहे।

# सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का सीएमओ ने किया शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने बुधवार को सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा 15 जून तक चलेगा। इस दौरान आशा कार्यकर्ता के माध्यम से प्रत्येक परिवार को ओआरएस का पैकेट बांटा जायेगा। किसी परिवार में दस्त से पीड़ित बच्चा मिलेगा तो उसे दो पैकेट ओआरएस के साथ जिंक टैबलेट का भी दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने ओआरएस का महत्व बताया। उन्होंने कहा, हर परिवार को जागरूक करने के लिए आशा कार्यकर्ता के माध्यम से इसका प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। ओआरएस का मतलब जीवनरक्षक घोल है। इससे दस्त रोग से बच्चों के जीवन की रक्षा होती है। इससे बच्चे की मृत्यु नहीं हो पाती है। पखवाड़ा के दौरान आशा कार्यकर्ता ओआरएस घोल बनाने के तरीके एवं बच्चों को पिलाये जाने के तरीकों की जानकारी दे रही हैं। एसीएमओ आरसीएच डॉ सत्य नारायण हरिश्चंद्र ने बताया कि प्रदेश में प्रति 1,000 बच्चों में से 48 बच्चों की बाल्यावस्था में ही मौत हो जाती है। पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 10 प्रतिशत बच्चे दस्त के कारण जान गंवा देते हैं। प्रदेश में प्रति वर्ष लगभग 28,000 बच्चे दस्त के कारण दम तोड़ देते हैं। बच्चों की मौत के प्रमुख कारणों में दस्त दूसरे स्थान पर है। कुल बाल मृत्यु का 13 प्रतिशत मात्र दस्त से होती है। इसका उपचार ओआरएस एवं जिंक की गोली मात्र से किया जा सकता है और बालमृत्यु दर में कमी



लाई जा सकती है। विकासशील देशों में दस्तरोग ज्यादा है। इसका मुख्य कारण दूषित पेयजल, स्वच्छता की कमी, शौचालय का अभाव तथा पांच वर्ष तक के बच्चों का कुपोषित होना है। अतः डायरिया से बचाव एवं प्रबंधन के लिए प्रति वर्ष दस्त नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जाता है। इस वर्ष एक जून से 15 जून तक यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह, डिप्टी डीआईओ डॉ डीके सिंह, संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकोष (यूनीसेफ) के रीजनल कोआर्डिनेटर प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, जिला मोबालाइजेशन समन्वयक (डीएमसी) गुरदीप कौर तथा बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी कमांडेंट डाक्टर मिश्र के नेतृत्व में मनाया गया विश्व धूम्रपान निषेध दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी पीएसी बटालियन वाहिनी वाराणसी पीआरओ सेल के मुताबिक सेनानायक डा0 राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा 'अंतराष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस' पर वाहिनीं में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अधिकारियों/कर्मचारियों को जागरूक करते हुए डॉ. मिश्र द्वारा बताया गया कि तंबाकू उत्पादों के सेवन से कई गंभीर बीमारियां होती हैं और धूम्रपान प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से स्वास्थ्य को कुप्रभावित करता है। इसलिए इसके किसी भी तरह के सेवन से प्रत्येक दशा में दूर रहें। भारत में लगभग 27 करोड़ लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। इसके अलावा लगभग 12 करोड़ लोग धूम्रपान के आदी हैं। भारत में तंबाकू के कारण प्रतिवर्ष लगभग 12 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।तम्बाकू सेहत के साथ–साथ पर्यावरण के लिए भी अत्यंत ही हानिकारक है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की 'थीम' पर्यावरण पर केंद्रित है। दुनिया में प्रतिवर्ष सिगरेट के उत्पादन हेतु लगभग 60 करोड़ पेड़ काट दिए जाते हैं तथा निमार्ण में लगभग 22 अरब लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। धूम्रपान से लगभग 84 करोड़ टन कार्बन डाईआक्साइड उत्पन्न होती है जो वैश्विक तापमान में वृद्धि का एक बड़ा कारण है। तंबाकू सेवन मानव जाति के साथ–साथ पर्यावरण व संपूर्ण पृथ्वी ग्रह के लिए अत्यंत ही नुकसानदायक साबित हो रहा है।उपरोक्त बातों के साथ सेनानायक डॉक्टर मिश्र द्वारा समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने का संकल्प दिलाया। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आहूत




संकल्प 'पर्यावरण की सुरक्षा करें' से भी उपस्थित सभी जवानों को अवगत कराया।उक्त गोष्ठी में 'नई सुबह मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवहार विज्ञान संस्थान', वाराणसी ने भी हिस्सा लिया तथा नई संस्था के निदेशक डॉ अजय तिवारी व उनकी टीम ने 'तंबाकू निषेध दिवस' पर संक्षिप्त नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा जागरूकता लाने हेतु व्याख्यान दिया गया।इस मौके पर डॉ अजय तिवारी ने बताया कि विश्वभर में होने वाली मृत्यु में 50 फीसद मौतों का कारण धूम्रपान है। धूम्रपान का सीधा असर फेफड़ों में पड़ता है। इससे रक्त संचार, ब्लड प्रेशर और सांस फूलने की बीमारी होती है। धूम्रपान से होने वाली प्रमुख बीमारियों में ब्रांकाइटिस, एसिडिटी, टीबी, हार्ट अटैक, फालिज, नपुंसकता, माइग्रेन, बालों की सफेदी, असमय बालों का गिरना आदि समस्याएं शामिल हैं। जागरूकता गोष्ठी के अंत में सेनानायक डॉ. मिश्र द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं देते हुए गोष्ठी समाप्त की गई।

## तारुन क्षेत्र के मनोज कुमार यादव ने यूपीएसी सिविल सेवा सर्विसेज की परीक्षा उत्तीर्ण कर किया जिले का नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सफलता उसी व्यक्ति को मिलती है जो एक लक्ष्य बनाकर चलता है।किसी ने सही कहा है कि सफलता उसी की कदम चूमती है जो कड़ी परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्य करते हैं।इस बात को सिद्व किया है अयोध्या जिले के थाना तारुन क्षेत्र के पाली अचलपुर के मूल निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र श्री माधव प्रसाद यादव ने।उन्होने यूपीएससी 2021 सिविल सेवा परीक्षा में 381 रैंक हासिल कर अयोध्या का नाम रोशन किया।मालूम हो कि मनोज कुमार यादव की प्रारम्भिक शिक्षा जाना बाजार स्थित मार्डन इंटर कालेज में हुई।इस संबंध में कालेज के प्रबंध तंत्र के निदेशक रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि मनोज कुमार यादव ने यहाँ कक्षा आठ तक शिक्षा हासिल किया।उसके बाद उनका चयन नवोदय विधालय में हो गया।वही इसी कड़ी में मनोज के चचेरे भाई अंकुश यादव से फोन वार्ता पर बताया मनोज यादव की हाईस्कूल व इंटर नवोदय कालेज से उत्तीर्ण किया।वही उनकी यूपीएससी की तैयारी दिल्ली से की।मनोज के पिता रिटायर नलकूप विभाग कर्मचारी हैमनोज



5 भाई व एक बहन है मनोज के घर व गांव के लोग ढोल ताशे के धुन पर झूमकर खुशियाँ व्यक्त कर घर बधाई देने वालों का तातां लगा हुआ है गाँव के पवन टेलीकाम, चंद्र प्रकाश ,रमेश गौड़ अमरजीत आदि ने मनोज यादव की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।वही इसी कड़ी में उनके इस सफलता पर मार्डन इंटर कालेज जाना बाजार के प्रबंध निदेशक रमेश चन्द्र श्रीवास्तव,संरक्षक आशीष श्रीवास्तव,प्रधानाचार्य डी पी यादव सहित कालेज के सभी कर्मचारियों के साथ साथ देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव व उनके टीम ने हार्दिक बधाई दी।

## समर कैंप मस्ती की पाठशाला का ग्रैंड फिनाले सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज सूर्य नगर में समर कैंप मस्ती की पाठशाला सम्पन्न हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वेनिका शर्मा के निर्देशन में गत दिनों से विभिन्न विषयों जैसे आर्ट एंड क्राफ्ट, स्केचिंग ,कैलीग्राफी ,म्यूजिक एंड डांस कथक ,कुकिंग विदाउट फायर ,फन विद साइंस ,जुंबा ,सेल्फ



डिफेंस आदि ने प्रशिक्षण दे रहे प्रतिभागियों ने विद्यालय सभागार में आयोजित समर कैंप के ग्रैंड फिनाले में नन्हे–मुन्ने हुनरमंदों से लेकर सीनियर कलाकारों ने अपने हुनर कला का प्रदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधन निर्देशिका, श्री महावीर प्रसाद डिग्री कॉलेज के प्राचार्य वी.वी. सिंह ,लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज सूर्य नगर की प्रधानाचार्या श्रीमती वेनिका शर्मा मुख्य समन्वयक, लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल सदरौना की प्रभारी आकांक्षा ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। शिक्षार्थियों ने अपनी कला का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। अतिथियों और अभिभावकों ने अवलोकन करके सराहना की।अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या वेनिका शर्मा ने अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## प्राइम वन वर्क्स फोर्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल कंपनी के बहाने बिजली विभाग में बड़ा भ्रष्टाचार

अयोध्या ब्यूरो : जिले में बिजली विभाग मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस को ठेंगा दिखा रहा है। सूत्रो की माने तो यहां फैजाबाद मे तैनात प्राइम वन वर्क फोर्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के द्वारा फैजाबाद व गोण्डा मे तैनात सुपरवाइजर बृजेश सिंह व फैजाबाद मे तैनात अजय दूबे सुपरवाइजर की मिलीभगत से बिजली विभाग के बड़े अधिकारी अधीक्षण अभियंता सुशील गर्ग द्वारा खुलेआम बिना मोटी रकम कमीशन लेकर बडे पैमाने पर भष्टाचार का आरोप लगा रहा है इनके द्वारा एक भी काम नहीं निपटाया जा रहा है, चाहे वह संविदा कर्मियों की चुपके से भर्ती हो या फिर बिजली विभाग में छोटे–मोटे कामों के टेंडर हो या बड़े टेंडरों की केवल डेट बढ़ाई जा रही है छोटे पुराने कामों को अपने चेहेते ठेकेदारों से कमीशन लेकर खुले आम बिजली विभाग को चूना लगाया जा रहा है। अधिकारी द्वारा अपने मातहतों का भी शोषण किया जा रहा है जिसकी शिकायत ऊपर तक विभागीय अधिकारियों मंत्री के कार्यालय तक की जा चुकी है परंतु फिर भी यहां पर तैनात बिजली विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। एक तरफ बिजली विभाग घाटे से उबरने का नाम नहीं ले रहा तो दूसरी तरफ से इस में तैनात अधिकारी भ्रष्टाचार करके इसे और दलदल में डुबाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को समयान्तर्गत प्रेषित किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जाए–जिलाधिकारी

अयोध्या ब्यूरो : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सर्व साधारण को सूचित किया कि प्रत्येक वर्ष की भांति चालू वित्तीय वर्ष में भी ''03 दिसम्बर 2022 को विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर विभिन्न श्रेणी के ''राष्ट्रीय पुरस्कार'' भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा दिये जायेगें। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए निर्धारित श्रेणियों यथा–सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा प्लेसमेण्ट अधिकारी या एजेंसी, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन सुधारनें के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या नवप्रर्वतन या उत्पाद विकास, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए, पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करनें में सर्वश्रेष्ठ जनपद के लिए, सृजनशील वयस्क दिव्यांग व्यक्तियों एंव सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, सर्वश्रेष्ठ सुगम्य वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी, नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सर्वश्रेष्ठ राज्य चौनेलैजिंग एजेंसी को पुरस्कृत किया जायेंगा। नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के प्रारूप भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नई दिल्ली की बेवसाइट कपेंइपसपजलंपिते.हवअ. पद से प्राप्त किये जा सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन–पत्र दिनांक 15 जुलाई 2022 तक अनिवार्य रूप से जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अयोध्या कार्यालय में उपलब्ध करायें, जिससे प्राप्त आवेदन पत्रों को नियमानुसार जिलाधिकारी की संस्तुति सहित निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समयान्तर्गत प्रेषित किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा सके। राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्बंधित विस्तृत जानकारी विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

## स्कूली वाहनों की चेकिंग में नम्रता पूर्वक की जाए कार्यवाही– सांसद

अयोध्या ब्यूरो : सांसद अयोध्या लल्लू सिंह की अध्यक्षता में तथा जिलाधिकारी नितीश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा वाहनों की चेकिंग करना, पार्किंग की व्यवस्था, स्कूली वाहनों का अभियान चलाकर शासन के निर्देशानुसार चेकिंग कर आम जनमानस को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। बैठक का संचालन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी आर0पी0 सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश मोटर यान (26वाँ संशोधन) नियमावली 2019 के माध्यम से स्कूली वाहनों के लिए विशेष उपबन्ध की बुकलेट प्रकाशित की गयी है, जिसके माध्यम से स्कूल प्रबन्धकों व स्कूली वाहन चालकों के स्वामियों द्वारा स्कूली वाहनों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन व परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के चेकिंग के दौरान नम्रता पूर्ण कार्यवाही की जाय, जिससे विद्यालय एवं वाहन मालिकों का उत्पीड़न न हो सकें तथा इनको पर्याप्त समय देकर स्कूली वाहनों की मरम्मत व ठीक कराने की कार्यवाही की जाय। जिन विद्यालय एवं वाहन मालिकों द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने परिवहन विभाग को 15 दिन के अंदर स्कूली वाहनों को मानक के अनुसार उदारता पूर्वक जांच कराकर ठीक कराने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूली वाहनों के चालक एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाय तथा विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाय और सरकार के नवीनतम आदेशों का व्यापक प्रचार प्रसार कर आम जनमानस को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने परिवहन एवं पुलिस विभाग से कहा कि ओवर लोडेड गाड़ियां, धक्कामार गाड़ियां, बिना परमिट, प्रदूषण फैलाने वाली आदि वाहनों की भी सघन चेकिंग की जाय और नियमानुसार कार्यवाही की जाय। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि शहर में लगे साइन बोर्ड व दिशा निर्देशनी बोर्ड को ठीक कराया जाय तथा कचेहरी के साथ–साथ अन्य स्थानों पर हो रही अनियमित पार्किंग व रोड जाम की समस्या का भी निस्तारण करने के लिए कहा गया, जिसमें नगर निगम द्वारा बताया गया कि नगर निगम अयोध्या से अधिकृत पार्किंग शुल्क वसूली स्थलों के तहत सहादतगंज हनुमानगढ़ी मंदिर के पास, जेल के पीछे, गुदड़ी बाजार से अयोध्या मार्ग पर साकेत प्रेस के निकट, इलाहाबाद मार्ग पर आबकारी कार्यालय के सामने, रायबरेली मार्ग पर पुरानी चुंगी के निकट, रेलवे स्टेशन के निकट फौव्वारा के पास टैम्पो/टैक्सी स्टैण्ड का ठेकेदार श्री विपेन्द्र सिंह को, खोवा मण्डी शुल्क वसूली निकट घसियारी मण्डी चौक का ठेकेदार संजय कुमार सिंह को, कार स्कूटर पार्किंग शुल्क वसूली निकट पुराना मछली बाजार चौक का ठेकेदार श्री नरेश कुमार गुप्ता को, स्कूटर मोटर साइकिल तथा साइकिल स्टैण्ड शुल्क वसूली निकट स्टेट बैंक सिविल लाइन व मछली मण्डी शुल्क वसूली निकट नियावां का ठेकेदार अनिल सोनी को, सब्जी मण्डी शुल्क वसूली निकट लालबाग पानी टंकी का ठेकेदार कृष्ण कुमार तिवारी को तथा जिलाधिकारी कार्यालय के दक्षिण गेट के सामने मोटर साइकिल/साइकिल स्टैण्ड वसूली व पूर्वी गेट के सामने मोटर साइकिल/साइकिल स्टैण्ड शुल्क वसूली का ठेकेदार राम गणेश यादव को पार्किंग स्थल का ठेकेदार नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थल पर यदि वसूली हो रही है तो वह अवैध है। उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है और भविष्य में की जायेगी। इस बैठक में सम्बंधित विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि तथा समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## दो जून से लाल निशान के जद में आए दुकान व मकान को तोड़ने का फरमान

अयोध्या ब्यूरो : नगर पालिका परिषद रूदौली का अतिक्रमण विरोधी अभियान अभी समाप्त भी नहीं हुआ था कि पीडब्ल्यूडी द्वारा भेलसर इन्हौना मार्ग पर लाल निशान लगा कर 02 जून 2022 से लाल निशान के जद में आए दुकान व मकान को तोड़ने का फरमान सामने आ गया।जिससे विशेषकर नगर के अंदरूनी भाग में बसे लोगों के सामने मुसीबतों का पहाड़ खड़ा हो गया। कोरोना काल से अभी पूरी तरह लोग उभर भी नहीं पाये है।कारोबार अभी भी पटरी पर नहीं आया है।उस पर तोड़ फोड़ की आशंका ने लोगों की नींदें उड़ा दी है।इस मामले को लेकर व्यापार अधिकार मंच के नगर अध्यक्ष हाजी अमानत अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने विधायक राम चन्द्र यादव को ज्ञापन देकर हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में मोहम्मद अतीक खान,राजेश बंसल,हनीफ अंसारी आदि थे।विधायक ने तमाम बातों को गम्भीरता से सुनने के बाद 01/06/2022 को व्यापार मंडल व पीडब्ल्यूडी अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से वार्ता कर के कोई उचित रास्ता निकालने का आश्वासन दिया है।

## ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार पर भंडारे की रही गूंज

अयोध्या ब्यूरो : शहर के रिकाबगंज क्षेत्र में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।इस मौके पर श्री पाण्डेय ने कहा कि जेठ के प्रत्येक मंगलवार को ऐसे आयोजन करने से न सिर्फ पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि लोगों को संतुष्टि भी मिलती है। उन्होंने कहा कि इस माह के चारों मंगलवार को जिले में विविध आयोजन किए जाते हैं जिसमें समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान हमारे आराध्य हैं और उनकी दया से ही हम सभी अपने कर्म को कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि रिकाबगंज क्षेत्र में आयोजित इस भंडारे में सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव बीकापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव विधानसभा अध्यक्ष शिव बरन यादव पप्पू वरिष्ठ नेता मो हलीम पप्पू, महासचिव हामिद जाफर मीसम जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, वरिष्ठ नेता पारस नाथ यादव पार्षद उमेश यादव महिला सभा महानगर अध्यक्ष सरोज यादव युवा नेता पंकज पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी ने मनाया अहिल्याबाई होलकर की जयंती

अयोध्या ब्यूरो : समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी में आज अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया अहिल्याबाई होलकर के देश के प्रति किए गए कार्यों पर चर्चा हुई सपा जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में श्री यादव ने कहां की कहा कि अहिल्याबाई होलकर मराठा साम्राज्य की प्रसिद्व महारानी थी इतिहास मैं प्रसिद्व सूबेदार मल्लाह राव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं से लेकर संपूर्ण भारत के तीर्थ स्थानों पर मंदिर एवं घाट कुएं एवं रावलिया बनवाई भूख के लिए अन्य क्षेत्र प्यासे के लिए प्याऊ बनवाएं जो उस समय आवश्यक थे । इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया । इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह पार्षद दल के नेता हाजी असद अहमद पार्षद फरीद कुरैशी युवा सपा नेता गौरव पांडे डॉ अनुराग आनंद यादव प्रताप जायसवाल रमेश यादव राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## कैंट रेलवे स्टेशन के निरीक्षण में मिली खामियां : रेल मंत्रालय भारत सरकार समिति के सदस्य हुए खफा

अयोध्या ब्यूरो : रेल मंत्रालय भारत सरकार समिति के सदस्य अनूप चौधरी मंगलवार को अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां खामियां मिलने पर अफसरों से नाराजगी जताई। चौधरी ने स्टेशन पर बैठने की व्यवस्था, पंखे, शौचालय, खानपान आदि यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। अफसरों से तत्काल जनसुविधाएं और व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। कहा कि आम जनमानस की मांग को देखते हुए मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी, रेल मंत्री और सासंद लल्लू सिंह की भावनाओं का सम्मान करते हुए फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट किया गया। कहा कि पहले की सरकारों में धार्मिक स्थलों का पूछ नहीं होती थी उसके आसपास बने रेलवे स्टेशनों को कोई गलती से भी देखना नहीं चाहता था आज के समय में भाजपा सरकार में उन स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है। कहा कि पहले लोगों की बैठने की व्यवस्थाएं नहीं होती थीं। पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं होती थी। आज व्यवस्थाएं पहले से काफी अच्छी हैं। इसके लिए रेल विभाग के सभी बड़े कर्मचारियों को बधाई देता हूं। चौधरी ने नौजवानों से अपील की कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का एक ऐतिहासिक व आत्मनिर्भर भारत बनाएं। रामलला का किया दर्शन पूजन रामनगरी पहुंचे रेल मंत्रालय भारत सरकार सलाहकार समिति के सदस्य अनूप चौधरी ने रामलला हनुमानगढ़ी का किया दर्शन पूजन कर मीडिया से बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक श्रेष्ठ भारत व आत्मनिर्भर बनाने भारत बनाने का संकल्प लिया है।

## प्रदेश स्तरीय खो–खो चैंपयिनशिप के लिये लखनऊ की जूनियर टीम बस्ती रवाना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उ0प्र0 एम्चयोर खो–खो संघ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक–बालिका खो–खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन दो जून से चार जून तक कप्तानगंज, जनपद बस्ती में किया हो रहा है। चैंपियनशिप में जनपद लखनऊ की जूनियर बालक–बालिकाओं की टीमें भी प्रतिभाग कर रही है।

लखनऊ एम्च्योर खो–खो संघ के कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा एडवोकेट ने जानकारी देते हुये कहा कि खिलाड़ियों का चयन इकत्तीस मई को किया जा चुका था। खो–खो बालक टीम के कप्तान सिद्धार्थ पाल है। इस टीम के कोच रतन सूर्य सिंह व मैनेजर भानुप्रताप सिंह है। वही बालिका टीम की कप्तान मुस्कान, कोच शिप्रा भारती तथा मैनेजर शिल्पा है। खिलाड़ियों की टीम जनपद बस्ती के लिये रवाना हो चुकी है। इस अवसर पर लक्ष्मण पुरस्कार से



सम्मानित व स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार से पुरस्कृत रविकान्त मिश्रा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

## तम्बाकू निषेध दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया शपथ

अयोध्या ब्यूरो : विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर मंगलवार को सीएचसी तारुन में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया गया तथा लोगो को तम्बाकू न प्रयोग करने के बारे में समझाया गया।इस अवसर पर अधीक्षक डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू निषेध दिवस प्रतिवर्ष 31 मई को मनाया जाता है, जिससे कि पूरे विश्व में तंबाकू द्वारा होने वाले नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जा सके।तंबाकू के ज्यादा सेवन करने से फेफड़ों में कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है।ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू में क्रोमियम, आर्सेनिक,निकोटीन जैसे तत्व बहुत अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इससे रक्त में कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ जाती है साथ ही उच्च रक्तचाप की समस्या भी खड़ी हो जाती है।विश्व में लगभग डेढ़ अरब व्यक्ति तंबाकू का सेवन करते हैं जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत से अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 2020 के आंकड़ों के अनुसार तंबाकू सेवन कर्ताओं में लगभग 20 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।तंबाकू सेवन से उपजी महामारी से दुनिया को आगाह करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन कंट्रोल की शुरुआत 2003 से की।अंत मे उन्होंने सभी से तम्बाकू के सेवन न करने की बात कही।इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी दिनेश सिंह,डॉ महिपाल सिंह,श्रीराम तिवारी,रमेश यादव,राकेश शर्मा, राजेन्द्र सरयू लाल, राजकुमार, नीरज मौर्या,अरुन सिंह, संतोष मौर्या,सत्यार्थ श्रीवास्तव, ज्ञानप्रकाश, आर के पाल,रामकेवल समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।